**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 318/2021**
**Dt-7-9-2021**

**सचिव,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**बिहार, पटना।**

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड में एन॰एच॰ 57 चनौरागंज से 'कृषि विज्ञान केन्द्र' सुखेत होते हुए झंझारपुर थाना से बेलौंचा जानेवाली मुख्य सड़क के निर्माण कराने के संबंध में।**

**महाशय,**

मधुबनी जिलानतर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र के झंझारपुर प्रखंड में एन॰एच॰ 57 चनौरागंज से 'कृषि विज्ञान केन्द्र' सुखेत होते हुए झंझारपुर थाना से बेलौंचा जानेवाली मुख्य सड़क जर्जर रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। इसकी लम्बाई लगभग 4 कि॰मी॰ है।

इसी सड़क के मध्य में सुखेत ग्राम स्थित 'कृषि विज्ञान केन्द्र' अवस्थित है। 29 अगस्त 2021 को माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा रेडियो के माध्यम से प्रसारित "मन की बात" में 'कृषि विज्ञान केन्द्र' सुखेत के माध्यम से किसानों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की भरपूर सराहना की गई है। जिसके कारण सुखेत अभी बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है।

उक्त सड़क एन॰एच॰ 57 चनौरागंज से 'कृषि विज्ञान केन्द्र' सुखेत होते हुए झंझारपुर थाना से बेलौंचा जानेवाली मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण के संबंध में मैंने पूर्व में भी पत्रांक 26/2021 दिनांक 7.1.2021 के माध्यम से आग्रह भी किया है। इस पथ के निर्माण हेतु पिछले बजट सत्र 2021–22 में तारांकित प्रश्न के माध्यम से भी सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है।

अतः अनुरोध है कि एन॰एच॰ 57 चनौरागंज से 'कृषि विज्ञान केन्द्र' सुखेत होते हुए झंझारपुर थाना से बेलौंचा जानेवाली मुख्य सड़क के निर्माण हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

**शुभकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra
7·9·21

**(नीतीश मिश्रा)**
ईमेल—**mla-jjpur-bih@nic.in**

**संलग्न**—पत्रांक 26/2021 दिनांक 1.7.2021 के पत्र की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in